# चाइल्ड रिस्ट्रेंट (बाल प्रतिबंध) जीवन बचाते हैं



यह कानून है कि सात वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चों को वाहन में यात्रा करते समय अनुमोदित चाइल्ड रिस्ट्रेंट में सुरक्षित किया जाना चाहिए। सात साल के बच्चों को वाहन में उपलब्ध अनुमोदित चाइल्ड रिस्ट्रेंट से, और यदि यह न हो तो उपलब्ध किसी भी चाइल्ड रिस्ट्रेंट या सीट बेल्ट से अवश्य सुरक्षित किया जाना चाहिए।

NZ TRANSPORT AGENCY
WAKA KOTAHI

Te Kāwanatanga o Aotearoa
New Zealand Government

Hindi

# चरण 1

## पीछे की ओर मुख वाला शिशु रिस्ट्रेंट




### इनस्टॉल करना (स्थापित करना, लगाना)

- शिशु रिस्ट्रेंट को हमेशा इस प्रकार से लगाएं कि शिशु का मुख कार के पिछले हिस्से की ओर हो।
- यदि आगे की सीट पर सक्रिय एयरबैग है तो पीछे की ओर मुख करके बैठने वाले शिशुओं के रिस्ट्रेंट को कभी भी आगे की सीट पर नहीं लगाया जाना चाहिए।

### उपयोग करना

- यदि छाती की कोई क्लिप है, तो सुनिश्चित करें कि क्लिप बच्चे की बगल के स्तर पर लगे।
- शिशु को कंबल उढ़ाने से पहले उसे चाइल्ड रिस्ट्रेंट में मजबूती से बांध देना चाहिए।

### आगे बढ़ना (प्रगति करना)

- जब तक शिशु कम से कम दो साल के नहीं हो जाते, तब तक वे पीछे की ओर मुख वाले रिस्ट्रेंट में यात्रा करने से बेहतर सुरक्षित रहते हैं।
- जब शिशु रिस्ट्रेंट निर्माता के अनुशंसित वजन या ऊंचाई प्रतिबंधों से अधिक हो जाते हैं तो उनका शिशु रिस्ट्रेंट उनके लिए छोटा पड़ जाता है।

# चरण 2

## आगे की ओर मुख वाला चाइल्ड रिस्ट्रेंट




### इनस्टॉल करना (स्थापित करना, लगाना)

- यदि आपका चाइल्ड रिस्ट्रेंट टीदर स्ट्रैप (रस्सी के पट्टे) के साथ आता है, तो इसका उपयोग निर्माता के निर्देशों के अनुसार किया जाना चाहिए।
- यदि आपके वाहन में टीदर स्ट्रैप को जोड़ने के लिए कोई एंकर प्वाइंट (बाँधने के लिए हुक) नहीं है, तो किसी योग्य मैकेनिक से इसे अपनी कार में फिट करवा लें।

### उपयोग करना

- कंधे के लिए हार्नेस की सही ऊँचाई के लिए निर्माता के निर्देशों की जाँच करें।
- यदि कोई छाती की क्लिप है, तो सुनिश्चित करें कि यह आपके बच्चे की बगल के स्तर पर है।

### आगे बढ़ना (प्रगति करना)

- जब बच्चे आगे की ओर मुख वाले चाइल्ड रिस्ट्रेंट के उस मॉडल के लिए निर्माता द्वारा सुझाव दिए गए वजन या ऊंचाई प्रतिबंधों से अधिक हो जाते हैं, तो वह रिस्ट्रेंट उनके लिए छोटा पड़ जाता है।

# चरण 3

## बूस्टर सीट

### इनस्टॉल करना (स्थापित करना, लगाना)

- केवल लैप सीट बेल्ट वाली बूस्टर सीट का उपयोग कभी भी न करें।



### उपयोग करना

- यदि आपके पास एक बूस्टर सीट है जिसमें एक अंदरूनी हार्नेस सिस्टम है, तो हार्नेस का उपयोग तब तक करें जब तक कि बच्चा निर्माता के निर्देशों में बताई गई ऊंचाई या वजन सीमा तक न पहुंच जाए, और फिर उसके बाद वाहन की सीट बेल्ट का उपयोग करें।
- यदि आपकी बूस्टर सीट के साथ सीट बेल्ट गाइड है, तो हर यात्रा में इसका उपयोग करना सुनिश्चित करें।
- बूस्टर कुशन की तुलना में एडजस्ट की जा सकने वाली, सिर को सहारा देने वाली एक पूर्ण बूस्टर सीट आपके बच्चे को बेहतर सुरक्षा प्रदान करेगी।
- अपने बच्चे को बूस्टर सीट से बाहर न झुकने के लिए प्रोत्साहित करें।

### आगे बढ़ना (प्रगति करना)

सर्वोत्तम प्रणालियां यह सिफारिश करती हैं कि बच्चे की लंबाई 148 सेंटीमीटर होने तक, रिस्ट्रेंट या बूस्टर सीट का प्रयोग किया जाना चाहिए।

कैसे पता करें कि आपका बच्चा बूस्टर सीट से वयस्क सीट बेल्ट की ओर बढ़ने के लिए कब तैयार है:

- बच्चा सीट पर बिल्कुल पीछे बैठ सकता है और उसके पैर किनारे पर आराम से मुड़े होंगे।
- सीट बेल्ट उनकी गर्दन पर नहीं आती है।
- सीट बेल्ट का गोद वाला हिस्सा उनकी जाँघों के नीचे होता है, न कि उनके पेट पर से होकर।
- पूरी यात्रा के दौरान बच्चा ऐसे ही बैठा रह सकता है।

यदि इनमें से किसी भी प्रश्न का उत्तर नहीं है, तो आपके बच्चे को सुरक्षित रखने के लिए बूस्टर सीट का उपयोग करने की आवश्यकता है।

# सभी चरणों में



## इनस्टॉल करना (स्थापित करना, लगाना)

बच्चों के लिए पिछली सीट पर रिस्ट्रेंट (अंकुश या प्रतिबंध) स्थापित किया जाना चाहिए।

## उपयोग करना

हार्नेस या बेल्ट (अवस्था या आयु के आधार पर) आपके बच्चे पर अच्छी तरह से फिट होना चाहिए और हमेशा कंधे के ऊपर से जाना चाहिए।

## आगे बढ़ना (प्रगति करना)

वजन और ऊंचाई सीमा के लिए निर्माताओं की सिफारिशों का पालन करें।

# चाइल्ड रिस्ट्रेंट (बाल प्रतिबंध) तकनीशियन

खुदरा विक्रेताओं और अन्य संगठनों के पास प्रमाणित चाइल्ड रिस्ट्रेंट तकनीशियन हो सकते हैं जो आपकी मदद कर सकते हैं।

**nzta.govt.nz/childrestraints**



# चाइल्ड रिस्ट्रेंट और एयरबैग

एयरबैग के स्थान को ध्यान में रखते हुए रिस्ट्रेंट कहाँ स्थापित करना है, इस बारे में सलाह के लिए हमेशा अपने वाहन के मैनुअल और चाइल्ड रिस्ट्रेंट निर्माता के निर्देशों की जाँच करें।

### फ्रंट (आगे लगे) एयरबैग

- यदि आगे की सीट पर सक्रिय एयरबैग है तो पीछे की ओर मुख करके बैठने वाले बच्चों के लिए रिस्ट्रेंट हमेशा पीछे की सीट पर लगाया जाना चाहिए।
- यदि बड़े बच्चे के लिए आगे बैठना जरूरी है, तो वाहन की उस सीट को जितना संभव हो सके पीछे की ओर कर दें।

### साइड एयरबैग

- यदि आपको वाहन के दरवाजे के ठीक बगल में चाइल्ड रिस्ट्रेंट लगाना है, तो सुनिश्चित करें कि चाइल्ड रिस्ट्रेंट और दरवाजे के बीच कोई खुला हुआ छुटपुट सामान न हो।




# सामान्य सुझाव

- चाइल्ड रिस्ट्रेंट को खरीदने या किराए पर लेने से पहले, सुनिश्चित करें कि यह आपके वाहन में फिट बैठता है और आपके बच्चे के लिए उपयुक्त है।
- हमेशा निर्माता के निर्देशों का पालन करें।
- आपके चाइल्ड रिस्ट्रेंट के लिए पीछे की सीट सबसे सुरक्षित जगह है।
- जाँच करें कि आपके बच्चे का रिस्ट्रेंट सीट पर मजबूती से फिट बैठता है और वह इधर-उधर लुढ़कता नहीं है। यदि आपका रिस्ट्रेंट मजबूती से फिट नहीं बैठता है, तो पंजीकृत चाइल्ड रिस्ट्रेंट तकनीशियन से सलाह लें।

# अधिक जानकारी

चाइल्ड रिस्ट्रेंट का सुरक्षित रूप से उपयोग करने के बारे में अधिक जानकारी और उपयोगी वीडियो के लिए, तथा अपने स्थानीय चाइल्ड रिस्ट्रेंट तकनीशियन को ढूंढने के लिए, यहाँ जाएं:

**nzta.govt.nz/childrestraints**
**plunket.org.nz**
**safekids.org.nz**

Te Kāwanatanga o Aotearoa
New Zealand Government

23-EX-129